आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शनिवार दिनांक 08.02.2025

मुख्य समाचारः–

1– भारतीय जनता पार्टी ने सत्ताईस वर्षों के अंतराल के बाद दिल्ली में बहुमत हासिल किया–पार्टी ने आम आदमी पार्टी को हराकर दो–तिहाई सीटें जीती।

2– प्रदेश में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव के तहत प्रचार कल रात बारह बजे थम जाएगा।

3– बिलासपुर जिले में जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत–बीस से ज्यादा लोग बीमार।

और

4– कोरबा जिले की ग्राम पंचायत धतूरा के सरपंच प्रत्याशी बुधवार सिंह का हृदयाघात से निधन।

...........

दिल्ली चुनाव–परिणाम

भारतीय जनता पार्टी ने सत्ताईस वर्षों के अंतराल के बाद दिल्ली में बहुमत हासिल किया है। पार्टी ने आम आदमी पार्टी को हराकर दो–तिहाई सीटें जीती हैं।

सत्तर सदस्यीय दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम की ताजा स्थिति के अनुसार अभी तक इकसठ नतीजे घोषित हुए हैं। भाजपा ने इकतालीस सीटें जीती हैं और सात सीटों पर उसके उम्मीदवार आगे चल रहे हैं। आम आदमी पार्टी को अभी तक बीस सीटें मिली हैं और दो सीटों पर उसके उम्मीदवार आगे हैं।

नगरीय निकाय चुनाव–प्रचार

प्रदेश में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव के तहत प्रचार कल नौ फरवरी की रात बारह बजे थम जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार कल नौ फरवरी को रात दस बजे के बाद चुनाव प्रचार के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुमति नहीं रहेगी। हालांकि, दस बजे से बारह बजे के बीच बिना ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रचार किया जा सकता है। इसके बाद सार्वजनिक तौर पर चुनाव प्रचार नहीं किया जा सकेगा। कल रात बारह बजे के बाद चुनाव प्रचार के लिए सार्वजनिक सभाएं, जुलूस, नुक्कड़ सभाएं और लाउड स्पीकर का प्रयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

इससे पहले, आज प्रचार अभियान चरम पर रहा। सभी प्रमुख दलों के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर और जगदलपुर में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो किया।

वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग जिले के अमलेश्वर नगर पालिका में अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो किया।

नगरीय निकाय–प्रोफाइल

नगरीय निकाय चुनाव के तहत राज्य के विभिन्न नगर निगमों की प्रोफाइल की श्रृंखला की कड़ी में आज हम आपको राजनांदगांव नगर निगम के बारे में बताएंगे।

मतदाता जागरूकता

नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 'जागव वोटर' अभियान के तहत कल रायपुर के माना कैम्प स्थित वृद्धाश्रम से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। समाज कल्याण विभाग की संचालक रोक्तिमा यादव और जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में स्लोगन, गीत और पोस्टर के माध्यम से लोगों को शत–प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। रैली में लगभग छह सौ दिव्यांग, वृद्धजन और तृतीय लिंग समुदाय के सदस्य शामिल हुए।

वहीं, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के पेण्ड्रा में कल दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दुर्गा सरोवर के तट पर प्रज्जवलित दीपों के जरिये जागव वोटर का विशाल आकार बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

भाजपा–आरोप पत्र

भारतीय जनता पार्टी ने रायपुर नगर निगम में कांग्रेस के पिछले पंद्रह साल के कार्यकाल को लेकर आरोप पत्र जारी किया है। आज रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने पंद्रह बिंदुओं में आरोप पत्र जारी करते हुए कहा कि

कांग्रेस ने पिछले पंद्रह साल के कार्यकाल में भ्रष्टाचार में कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि शहर में पार्किंग और यातायात व्यवस्था बेहाल हुई है। साथ ही प्रदूषण से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। उन्होंने साफ–सफाई को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा।

सरपंच प्रत्याशी–निधन

कोरबा जिले की ग्राम पंचायत धतूरा के सरपंच प्रत्याशी बुधवार सिंह का हृदयाघात से निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार चुनाव प्रचार के दौरान श्री सिंह की अचानक तबीयत खराब हो गई। उन्हें तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उनका निधन हो गया। बुधवार सिंह के निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर है।

जहरीली शराब–मौत

बिलासपुर जिले में जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत हो गई है। वहीं, बीस से ज्यादा लोग बीमार हो गए हैं, जिनमें से चार की हालत गंभीर बताई गई है। बीमार सभी लोगों को सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार कोनी थाना क्षेत्र के ग्राम लोफन्दी में दो दिन पहले महुआ शराब पीने से तीन लोगों की मौत हुई थी, जिनका परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया था। वहीं, बीती रात चार और लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग बीमार हो गए। इस घटना से गांव में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। सभी मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता लगेगा। पुलिस ने यह भी बताया कि गांव में शराब कहां से आई और किसने बांटी, इसका पता लगाया जा रहा है।

इस बीच, कांग्रेस ने इस घटना की जांच के लिए विधायक दिलीप लहरिया के नेतृत्व में छह सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है।

दुर्घटना

महासमुंद जिले में बीती रात हुई एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए हैं। घायलों को तुमगांव के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार चारपहिया वाहन में करीब पंद्रह लोग जिले के बरभांठा से ओडिशा के साराबोब बारात गए थे। वापसी के दौरान झलप के पास उनका वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

परीक्षा पे चर्चा

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के आठवें संस्करण का आयोजन नई दिल्ली के भारत मंडपम में दस फरवरी को सुबह ग्यारह बजे होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे और परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन और व्यक्तिगत विकास पर मार्गदर्शन देंगे। परीक्षा पे चर्चा
कार्यक्रम, इस बार खेल और अनुशासन, मानसिक स्वास्थ्य, पोषण, प्रौद्योगिकी और वित्त, रचनात्मकता और सकारात्मकता तथा सफलता की कहानियों पर केंद्रित रहेगा।

इस्पात नगरी भिलाई में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के मद्देनजर स्थानीय स्कूलों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भिलाई स्थित शंकराचार्य स्कूल के विद्यार्थी कार्यक्रम में शामिल होने के

लिए उत्साहित हैं। स्कूल के प्राचार्य विपिन देशमुख ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि यह कार्यक्रम बच्चों में परीक्षा के तनाव को दूर करने का एक प्रयास है।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए इस वर्ष प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से छत्तीस विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''बस्तर'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

महाकुंभ–स्पेशल ट्रेन

विशाखापट्नम–गोरखपुर–विशाखापट्नम कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन के परिचालन का विस्तार किया गया है। अब यह ट्रेन दस और बाईस फरवरी को दो अतिरिक्त फेरों के साथ रवाना होगी। इस ट्रेन का ठहराव रायगढ़, चांपा, बिलासपुर, पेण्ड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल और उमरिया स्टेशनों पर दिया गया है।

इसी तरह, महाकुंभ मेले के कारण दुर्ग से छपरा तक चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस ग्यारह और बारह फरवरी को परिवर्तित मार्ग से चलेगी। यह गाड़ी प्रयागराज स्टेशन के स्थान पर प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर जाएगी।

<u>मतदान–अवकाश</u>

राज्य शासन ने नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत प्रदेश में अलग–अलग तारीखों में कर्मचारियों के लिए सवैतनिक अवकाश की घोषणा की है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार ग्यारह, सत्रह, बीस और तेईस फरवरी को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में कर्मचारियों के लिए सवैतनिक अवकाश रहेगा। वहीं, ऐसे कारखाने जो सप्ताह में पूरे दिन कार्य करते हैं, वहां पहली और दूसरी पाली में श्रमिकों को मतदान के लिए दो–दो घंटे का अवकाश देने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के तहत आते हैं, वहां काम करने वाले श्रमिकों को बारी–बारी से मतदान करने की सुविधा दिए जाने को कहा गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>